Hindi | हिंदी



# अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन और केयर में सुरक्षित

अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन और केयर का इस्तेमाल करने वाले माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए एक मार्गदर्शिका। यह पुस्तिका आपको यह समझने में मदद करती है कि अच्छी देखभाल कैसी होती है, क्या पूछना है, और जब कुछ ठीक न लगे तो उसके खिलाफ कैसे बोलना है।

Body Safety Australia

GENWEST

की एक संयुक्त पहल

GENWEST विक्टोरियाई सरकार के समर्थन को स्वीकार करता है

VICTORIA State Government

# लेखकों के बारे में

**Body Safety Australia** (बॉडी सेफ्टी ऑस्ट्रेलिया) हिंसा से मुक्त बचपन को बढ़ावा देता है, जहाँ बच्चे बराबरी के और सम्मानजनक रिश्तों का आनंद लेते हैं।

हम बच्चों, युवाओं, परिवारों और समुदायों को सबूतों पर आधारित प्रोग्राम देते हैं ताकि घर और स्कूल के माहौल में, ऑफ़लाइन और ऑनलाइन, बच्चों के साथ होने वाली हिंसा को रोकने में मदद मिल सके।

ज़्यादा जानकारी के लिए **www.bodysafetyaustralia.com.au** पर जाएं।

---

**GenWest** Melbourne के पश्चिम में परिवार और लिंग आधारित हिंसा को रोकने और उस पर प्रतिक्रिया करने के लिए काम करता है।

हम सामाजिक और स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों के द्वारा लोगों और समुदायों को सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जीने में मदद करते हैं।

हम परिवार में हिंसा झेल रहे वयस्कों और बच्चों को भी सुरक्षित रहने और ज़रूरी मदद पाने में मदद करते हैं।

**genwest.org.au** पर और अधिक जानें

अध्याय 1

# देखभाल के प्रकार और सुरक्षित प्रदाता

बच्चे तब सबसे सुरक्षित रहते हैं जब बड़ों को पता होता है कि अच्छी देखभाल कैसी होती है। यह अध्याय समझाता है कि अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन और केयर (चाइल्डकेयर) के प्रकार क्या हैं और आप क्या अपेक्षा कर सकते हैं।

## देखभाल के प्रकार

| प्रकार | यह क्या है | इसमें क्या शामिल है |
|---|---|---|
| Long Day Care | वह सेंटर जहां आपका बच्चा ज़्यादातर दिन जाता है। | सुबह से लेकर देर दोपहर तक देखभाल। बच्चे वहां खाते-पीते, खेलते, सीखते और आराम करते हैं, आमतौर पर उनकी उम्र के दूसरे बच्चों के साथ। शिक्षक योग्य हैं। |
| पारिवारिक डे केयर (दिनभर की देखभाल) | एक पंजीकृत एजुकेटर के साथ छोटे घर की सेटिंग में देखभाल। | बच्चों की देखभाल एक छोटे समूह में की जाती है, जिसमें आमतौरपर अलग-अलग उम्र के बच्चे होते हैं। शिक्षक योग्य हैं। |
| सत्रीय कार्यक्रम/ सामयिक देखभाल | कुछ घंटों या दिनों के लिए देखभाल, हर दिन नहीं। | अल्पकालिक कार्यक्रम, कभी-कभी किसी सेंटर या सामुदायिक स्थान में। अक्सर अलग-अलग उम्र के छोटे समूह होते हैं। शिक्षक योग्य हैं। |
| रिश्तेदार द्वारा देखभाल | घर पर परिवार के किसी सदस्य द्वारा देखभाल। | बच्चों की देखभाल घर जैसे जाने-पहचाने परिवेश में की जाती है। माता-पिता को यह पक्का करना चाहिए कि सुरक्षा को लेकर सीमाएं और आशाएं स्पष्ट हों। |

## माता-पिता तीन बातें पूछ सकते हैं

**मेरे बच्चे की देखभाल कौन करेगा?**

मुझे सभी एजुकेटरों से मिलने और यह जानने का अधिकार है कि मेरे बच्चे के साथ कौन है।

**आप बच्चों को कैसे सुरक्षित रखते हैं?**

मुझे यह जानने का अधिकार है कि आप किन नियमों का पालन करते हैं और बच्चों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाते हैं।

**अगर कुछ ठीक न हो तो?**

मुझे यह जानने का अधिकार है कि अगर कुछ गलत हो जाए या मुझे कोई चिंता हो तो क्या होगा।



## शौचालय जाना और कपड़े बदलना

### क्या उचित है

- एजुकेटर निजी स्थान पर मदद देते हैं।
- वे शांत और सौम्य रहते हैं और बच्चे से बात करते हैं।
- वे समझाते हैं कि वे क्या कर रहे हैं और क्यों कर रहे हैं।
- वे बच्चे को सिर्फ़ ज़रूरत के हिसाब से ही छूते हैं ताकि वे सुरक्षित, स्वस्थ और साफ़ रहें।
- बच्चों को वह करने के लिए बढ़ावा दिया जाता है जो वे अपने लिए कर सकते हैं।

### क्या उचित नहीं है

- वयस्कों को बच्चे को ज़रूरत से ज़्यादा नहीं छूना चाहिए।
- शौच करते या कपड़े बदलते समय बच्चों को कभी भी बिना देखरेख के नहीं छोड़ना चाहिए।
- बच्चे हमेशा कम से कम दो एजुकेटरों की नज़र में होने चाहिए।
- एजुकेटरों को बच्चे को असहज, डरा हुआ या शर्मिंदा महसूस नहीं कराना चाहिए।
- अगर बच्चे प्राइवेसी चाहते हैं तो उन्हें दरवाज़े या पर्दे वाले शौचालय का इस्तेमाल करने देना चाहिए।
- अगर बच्चे सक्षम हैं, तो उन्हें मल त्याग के बाद अपनी सफाई खुद ही करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

***माता-पिता के लिए सुझाव:***

- आपको यह पूछने का अधिकार है कि शौच कैसे करवाते हैं और नैपी कैसे बदलते हैं।
- आप दिनचर्या के बारे में एजुकेटर से बात करने के लिए कह सकते/ती हैं।
- अगर आपको किसी एजुकेटर के व्यवहार के बारे में कोई चिंता है, तो आपको डायरेक्टर के सामने यह बात उठाने का अधिकार है।

## बच्चों के लिए सुरक्षित तरीका कैसा दिखता है



### एक अच्छा चाइल्डकेयर सेंटर:

- बच्चों को हर समय कम से कम दो योग्य वयस्कों की निगरानी में रखता है।
- Child Safety Code of Conduct (बाल सुरक्षा आचार संहिता) रखता है और उसका पालन करता है।
- के पास योग्य स्टाफ है, जिन्हें बच्चों के साथ काम करने की मौजूदा जांच और बच्चों की सुरक्षा की अप-टू-डेट ट्रेनिंग मिली हुई है।
- बच्चों को अवाज़ उठाने के लिए बढ़ावा देता है और जब वे बोलते हैं तो उनकी बात सुनता है।
- बच्चों की सुरक्षा को सबसे ज़रूरी बात बनाता है: इसका मतलब है कि हर निर्णय में बच्चों की ज़रूरतें सबसे पहले आती हैं।
- बच्चों के गैर-मौखिक संदेशों पर ध्यान देता है।
- माता-पिता के साथ खुलकर बातचीत करता है और फ़ीडबैक को ध्यान से सुनता है।
- उनकी गुणवत्ता रेटिंग और बच्चों की देखभाल को बेहतर बनाने के लिए वे क्या कर रहे हैं, यह दिखाता है।
- विज़िट करते समय, पेरेंट इन चीज़ों पर ध्यान दे सकते हैं: ध्यान रखने वाला स्टाफ़, खेलने की सुरक्षित जगहें, गतिविधियों में लगे बच्चे और दिनचर्याओं और सुरक्षा नियमों की स्पष्ट जानकारियां।

## 2026 में बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए नए नियम

राष्ट्रीय गुणवत्ता ढांचा (नेशनल क्वालिटी फ्रेमवर्क) यह नियम तय करता है कि चाइल्डकेयर सेंटर कैसे चलने चाहिए। 2026 में बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए नए अधिनियम लाए गए। इन्हें मेलबर्न समेतकई जगहों पर अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन और केयर में बच्चों को हुए नुकसान के हाल के मामलों के जवाब में शुरू किया गया था।

---

### 1 हर फ़ैसले में बच्चों की सुरक्षा सबसे पहले आनी चाहिए

'पैरामाउंट कंसीडरेशन' (सर्वोपरि विचार) एक नया अधिनियम है जिसका मतलब है कि अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन और केयर सेवा में काम करने वाले या उसे चलाने वाले हर व्यक्ति को अपने हर फैसले में बच्चों की सुरक्षा, अधिकार और सबसे अच्छे हितों को सबसे पहले रखना होगा। इसमें स्टाफिंग, पर्यवेक्षण और चिंताओं पर कैसे जवाब दिया जाए, इस बारे में निर्णय शामिल हैं।

### 2 सभी स्टाफ़ और स्वयंसेवकों को बाल सुरक्षा ट्रेनिंग पूरी करनी होगी

नए नियमों के अनुसार, चाइल्डकेयर में आपके बच्चे के साथ काम करने वाले हर व्यक्ति को बाल सुरक्षा पर विशेष प्रशिक्षण लेना होगा।

### 3 बच्चों के आस-पास निजी फ़ोन और उपकरणों की अनुमति नहीं है

स्टाफ़ को बच्चों के साथ सीधे काम करते समय अपने पास निजी फ़ोन या उपकरण रखने की अनुमति नहीं है, जिससे वे फ़ोटो या वीडियो ले सकें। बच्चों की फ़ोटो लेने के लिए सिर्फ़ सेवा अनुमोदित उपकरणों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### 4 बच्चे के आस-पास अनुचित व्यवहार अब एक गंभीर अपराध है

अब किसी भी स्टाफ के सदस्य या स्वयंसेवक के लिए किसी बच्चे के साथ ऐसा बर्ताव करना कानून के खिलाफ़ है जिसे कोई समझदार इंसान गलत समझे। अनुमोदित प्रदाताओं और पर्यवेक्षकों को यह पक्का करना होगा कि उनकी देखभाल में कोई भी बच्चा इस तरह के बर्ताव का सामना न करे। अनुचित बर्ताव में बच्चों को किस करना (चूमना) या किसी बच्चे पर खास ध्यान देना या बच्चों से राज़ रखने के लिए कहना जैसी चीजें शामिल हैं। अगर आप किसी एजुकेटर के व्यवहार के बारे में अनिश्चित हैं, तो आपको चिंता जताने का हक है।

### 5 दुर्व्यवहार की रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर नियामक को करनी होगी

अगर किसी सेवा में किसी बच्चे के साथ शारीरिक या यौन दुर्व्यवहार की कोई घटना या आरोप होता है, तो सेवा को 24 घंटे के अंदर VECRA को इसकी रिपोर्ट करनी होगी। VECRA चाइल्डकेयर क्षेत्र को विनियमित करता है और चिंताओं पर जल्दी कार्रवाई कर सकता है।

### माता-पिता के लिए इसका क्या मतलब है

आप अपनी सेवा से पूछ सकते हैं कि वे ये नियम कैसे लागू कर रहे हैं। एक सुरक्षित सेवा यह समझा पाएगी।

## अर्ली चाइल्डहुड में फोटोग्राफी और तस्वीर लेने के लिए सहमति

ऑस्ट्रेलिया में हम सहमति के बारे में बात करते हैं। सहमति का मतलब है किसी की फ़ोटो लेने या शेयर करने से पहले अनुमति मांगना और उनका जवाब सुनना।

बच्चों की तस्वीरें अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन और केयर के दौरान सीखने और दस्तावेज़ीकरण के लिए ली जा सकती हैं। फ़ोटो कैसे ली जाती हैं, स्टोर की जाती हैं और शेयर की जाती हैं, इसके बारे में सेवाओं में स्पष्ट नियम होने चाहिए। बच्चों की फ़ोटो लेने के लिए स्टाफ़ को सिर्फ़ सेंटर द्वारा अनुमोदित उपकरणों का इस्तेमाल करना चाहिए। निजी फ़ोन या निजी उपकरणों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। आमतौर पर नामांकन के समय पेरेंट्स से फ़ोटो और वीडियो के लिए सहमति मांगी जाती है, जिसमें यह भी बताया जाता है कि उन्हें कैसे इस्तेमाल या शेयर किया जा सकता है। कई सेवाएं परिवारों केसाथ अपडेट्स, शैक्षिक कहानियाँ और फ़ोटो शेयर करने के लिए सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करती हैं। माता-पिता को यह जानने का भी अधिकार है कि तस्वीरें कैसे स्टोर की जाती हैं और उन्हें कौन देख सकता है। सभी बच्चों की निजता बनाए रखने के लिए, माता-पिता को सेंटर में बच्चों की फ़ोटो नहीं लेनी चाहिए, जिसमें उनकी अपनी फ़ोटो भी शामिल है।

**यहां पूछे जाने वाले सवालों की एक छोटी सी चेकलिस्ट दी गई है:**

- ✓ मेरे बच्चे की फ़ोटो कैसे ली जाती हैं?
- ✓ क्या आप मेरे बच्चे की फ़ोटो लेने से पहले उसकी इजाज़त लेंगे/गी?
- ✓ मेरे बच्चे की फ़ोटो कहाँ स्टोर की जाती हैं, और उन्हें कौन एक्सेस कर सकता है?
- ✓ आप यह कैसे पक्का करते/ती हैं कि फ़ोटो निजी फ़ोन पर सेव न हों?
- ✓ फ़ोटो और अपडेट साझा करने के लिए आप कौन से ऐप या प्लेटफ़ॉर्म इस्तेमाल करते/ती हैं?
- ✓ इन प्लेटफ़ॉर्म पर मेरे बच्चे की फ़ोटो कौन देख सकता है?

### माता-पिता के लिए स्क्रिप्ट

"जब कोई आपकी फ़ोटो लेना चाहे, तो उसे पहले आपसे पूछना चाहिए। आप हाँ या ना कह सकते/ती हैं। आपका शरीर आपका अपना है, और आपकी तस्वीरें और वीडियो भी आपके हैं।"



### ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री

कभी-कभी कोई व्यक्ति बच्चों की यौन संबंधित या हानिकारक फ़ोटो या वीडियो ले सकता है या साझा कर सकता है। यह एक गंभीर अपराध है। इसे चाइल्ड सेक्सुअल अब्यूज़ मटीरियल (बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री) या CSAM कहा जाता है। जब कोई व्यक्ति बच्चों की इस तरह की तस्वीरें ऑनलाइन पाने या भेजने की कोशिश करता है, तो यह भी एक अपराध है। इसे चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लॉइटेशन मटीरियल (बाल यौन शोषण सामग्री) या CSEM कहा जाता है। अगर आपको चिंता है कि आपके बच्चे के साथ ऐसा कुछ हुआ है, या कोई ऐसा करने की कोशिश कर रहा है, तो आप **esafety.gov.au** पर ई-सेफ्टी कमिश्नर से मदद ले सकते/ती हैं, या पुलिस से संपर्क कर सकते/ती हैं।

अध्याय 2

# पुरुष एजुकेटर

बच्चे सबसे सुरक्षित तब रहते हैं जब सभी एजुकेटर स्पष्ट और सम्मानजनक दिनचर्या का अनुसरण करते हैं। कुछ माता-पिता पुरुष एजुकेटरों को लेकर चिंतित रहते हैं। सुरक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि बड़े क्या करते हैं, उनके लिंग पर नहीं। यह अनुभाग दिखाता है कि सुरक्षित व्यवहार कैसा दिखता है और पेरेंट्स किन बातों का ध्यान रख सकते हैं।



## विचार योग्य तीन अभ्यास



### 1. शांत और सम्मानजनक व्यवहार

- एजुकेटर शांत आवाज़ में बात करते हैं।
- वे बच्चे को समझाते हैं कि वे क्या कर रहे हैं।
- बच्चे सहज दिखते हैं और भयभीत नहीं लगते हैं।



### 2. स्पष्ट सीमाएं और निगरानी

- एजुकेटर वहां रहते हैं जहाँ दूसरे वयस्क उन्हें देख सकें।
- वे बच्चों को छुपी हुई या बंद जगहों पर नहीं ले जाते हैं।
- वे बच्चे को तभी छूते हैं जब देखभाल या सुरक्षा के लिए ज़रूरत हो, या जब बच्चा उनसे गले लगने के लिए कहे।
- वे बच्चों के आस-पास निजी उपकरणों का इस्तेमाल नहीं करते हैं।
- वे बच्चों से सिर्फ़ वही चीजें करने के लिए कहते हैं जो उनकी उम्र के हिसाब से हों।



### 3. बच्चे की पसंद का समर्थन करना

- एजुकेटर बच्चे को खुद से अपना काम करने में मदद करते हैं।
- मदद करने से पहले वे बच्चे से पूछते हैं या बताते हैं।
- फ़ोटो लेने से पहले वे सहमति मांगते हैं।
- अगर कोई बच्चा “नहीं” कहता है या दिखाता है कि वह असहज है, तो वे सुनते हैं।



## परिदृश्य

### उचित व्यवहार

- एक एजुकेटर बच्चे को हाथ धोने में मदद करता है। वह कहता है, ‘चलिए अब आपके हाथ धोते हैं’ और बच्चे के पास खड़ा हो जाता है। दूसरेबच्चे और स्टाफ़ पास में ही हैं। बच्चा साथ चलता है और शांत लगता है।
- एक बच्चा ड्रॉप ऑफ पर परेशान है। एजुकेटर बच्चे के लेवल पर घुटनों के बल बैठता है तथा कहता है, ‘दुखी महसूस होना ठीक है। माँ बाद में वापस आ जाएगी।’ वह बच्चे को गतिविधि के लिए विकल्प देता है। बच्चा धीरे-धीरे शांत हो जाता है।

### ऐसा व्यवहार जिससे सवाल उठ सकता है:

- एक एजुकेटर एक बच्चे को, बिना कोई कारण बताए, उठाकर दूसरी जगह ले जाता है। बच्चा परेशान दिखता है और गोद से नीचे उतरने की कोशिश करता है।
- एक एजुकेटर एक बच्चे पर बहुत खास ध्यान देता है। वह अक्सर इस बच्चे को दूसरों से दूर एक शांत जगह पर ले जाता है, घर से उसके लिए खिलौने लाता है, और जब बच्चा दोस्तों के साथ खेलने में व्यस्त होता है, तब भी उसे बार-बार गले लगाता है। आप इस बात पर ध्यान देते/ती हैं और आपको शक होता है।

## ध्यान देने वाले असुरक्षित व्यवहार



**कभी-कभी वयस्क बच्चों के साथ 'विशेष' रिश्ते बनाने की कोशिश कर सकते हैं। यह सुरक्षित नहीं है।**

**माता-पिता इन बातों पर नज़र रख सकते हैं:**

- बच्चे से कोई राज़ रखने के लिए कहना।
- किसी एक बच्चे को विशेष उपहार देना या दूसरे बच्चों के मुकाबले उस पर ज़्यादा ध्यान देना।
- किसी बच्चे को दूसरे वयस्कों या बच्चों से दूर ले जाना।
- किसी बच्चे के लिए बने सामान्य नियमों या दिनचर्याओं को न मानना।
- बच्चे से स्नेह की तलाश करना।
- बच्चों की बहुत ज़्यादा या अनुचित तस्वीरें लेना।
- उनके व्यवहार को लेकर दूसरे वयस्कों की चिंताओं को नज़रअंदाज़ करना।

## माता-पिता के लिए स्क्रिप्ट

अगर कुछ ठीक न लगे, तो आप प्रश्न पूछ सकते/ती हैं और मदद ले सकते/ती हैं।

“मैं यह समझना चाहता/ती हूं कि सभी एजुकेटर बच्चों की देखभाल कैसे करते हैं। क्या आप मुझे छूने और निगरानी के बारे में अपने नियम बता सकते/ती हैं?”

“आज मैंने कुछ ऐसा देखा जो मुझे ठीक नहीं लगा। क्या आप मुझे यह समझने में मदद कर सकते/ती हैं कि क्या हुआ?”

## अध्याय 3

# आवाज़ उठाना

बच्चे तब सबसे सुरक्षित रहते हैं जब बड़े आवाज़ उठाते हैं। सवाल पूछना या चिंताएं जताना मुश्किल लग सकता है। आपको झगड़े की चिंता हो सकती है। आवाज़ उठाना आपका अधिकार है। यह आपको, आपके बच्चे और दूसरे बच्चों को सुरक्षित रख सकता है।

### चिंता जताने के चार चरण

1. ध्यान दें कि कब कुछ ठीक नहीं दिख रहा है या ठीक नहीं लग रहा है।
2. आपने जो देखा है उसके बारे में किसी एजुकेटर से बात करें।
3. सवाल पूछें और जवाब सुनें।
4. अगर आप अभी भी अनिश्चित महसूस कर रहे/ही हैं, तो निदेशक से बात करें।



### क्या करें

- शांत और सम्मानजनक रहें
- जो आपने देखा या सुना है, वो कहें
- बात करने के लिए शांत समय चुनें
- बात करने के लिए बच्चों से दूर कोई जगह चुनें
- ज़रूरत पड़ने पर निदेशक तक बात आगे बढ़ाएं

### क्या ना करें

- आरोप या दोष न लगाएं
- अपनी आवाज़ जोर से न उठाएं
- अपनी चिंता को नज़रअंदाज़ न करें
- यह न भूलें कि बच्चे की सुरक्षा सबसे पहले आती है
- यह न सोचें कि कोई और आवाज़ उठाएगा

### माता-पिता के लिए स्क्रिप्ट

**एजुकेटर से बात करते हुए**

"आज मैंने कुछ ऐसा देखा जो मुझे ठीक नहीं लगा। क्या आप मुझे यह समझने में मदद कर सकते/ती हैं कि क्या हुआ?"

**निदेशक से बात करते हुए**

"मैंने एक एजुकेटर से अपनी एक चिंता के बारे में बात की, लेकिन मुझे अभी भी अनिश्चित महसूस हो रहा है। क्या हम इस बारे में एक साथ बात कर सकते हैं?"

**अगर आप नहीं चाहते/ती हैं कि आपकी पहचान ज़ाहिर हो, तो आप ईमेल या फ़ोन पर अपना नाम बताए बिना अपनी चिंताएं बता सकते/ती हैं और गुमनाम रहने के लिए कह सकते/ती हैं**

"नमस्ते, मैं बच्चों की देखभाल कैसे की जा रही है, इस बारे में अपनी चिंता साझा करना चाहता/ती हूँ। मैं गुमनाम रहना पसंद करूंगा/गी लेकिन मैं चाहूंगा/गी कि आप इस पर गौर करें।"

"मैं एक चिंता साझा करने के लिए कॉल कर रहा/ही हूँ। मैं अपना नाम नहीं बताना चाहता/ती हूं।"

**अगर दूसरे माता-पिता भी यही चिंता साझा करते हैं**

"हममें से कुछ लोगों ने कुछ नोटिस किया है और अनिश्चित महसूस कर रहे हैं। क्या आप बता सकते हैं कि इसे आम तौर पर कैसे संभाला जाता है?"

"कुछ माता-पिता ने देखा है कि बच्चों कोअकेले किसी जगह पर ले जाया जा रहा है। क्या आप हमें बता सकते हैं कि इसके लिए आपके क्या नियम हैं?"



## अध्याय 4

# ऑस्ट्रेलिया में अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन तथा केयर के नियम

बच्चे तब सबसे सुरक्षित रहते हैं जब माता-पिता को पता होता है कि अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन और केयर में क्या अनुमत है और क्या नहीं। ऑस्ट्रेलिया में बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए कड़े नियम हैं। ये नियम दूसरे देशों से अलग हो सकते हैं।

### चार चीजें जो माता-पिता को पता होनी चाहिए

1. बच्चों पर हर समय नज़र रखनी चाहिए
2. एजुकेटर्स (शिक्षकों) को बच्चों की देखभाल के लिए स्पष्ट मानकों का पालन करना चाहिए
3. माता-पिता को प्रश्न पूछने और स्पष्ट उत्तर पाने का अधिकार है
4. बच्चों की तस्वीरों और निजता को हर समय सुरक्षित रखना चाहिए

### बच्चों की देखभाल में शारीरिक स्नेह

**क्या करें**

- जब बच्चे को ज़रूरत हो, तो मदद करना, मार्गदर्शन करना या सहजता पूर्वक गले लगाना जैसी कोमल देखभाल ठीक है।
- एजुकेटरों को पूछना चाहिए या चेक करना चाहिए कि बच्चे को छूने से कोई दिक्कत है या नहीं।
- दिव्यांग बच्चों को अतिरिक्त सहायता की ज़रूरत हो सकती है। उन्हें अभी भी अपनी बात कहने और सुरक्षित, सम्मानजनक स्पर्श का अधिकार है।

**क्या ना करें**

- किसी बच्चे को चूमना या अनचाहा स्पर्श करना ठीक नहीं है।

### चाइल्डकेयर (बाल देखभाल) में अनुशासन

**क्या करें**

- एजुकेटर शांत शब्दों, मार्गदर्शन और व्यवहार का समर्थन करने के लिए सुरक्षित तरीकों का इस्तेमाल करते हैं।

**क्या ना करें**

- ऑस्ट्रेलिया में, अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन तथा केयर में थप्पड़ मारने या शारीरिक दण्ड देने की कभी भी इजाज़त नहीं है।
- अगर आप थप्पड़ मारने या शारीरिक दण्ड देने के बारे में देखते/ती या सुनते/ती हैं, तो आप निदेशक से बात कर सकते/ती हैं और स्पष्टीकरण मांग सकते/ती हैं। ज़रूरत पड़ने पर आप अपनी चिंता को आगे तक भी पहुंचा सकते/ती हैं।




### माता-पिता द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्न

- क्या आप बच्चों को छूने के बारे में अपने नियम बता सकते हैं?
- क्या आप बता सकते हैं कि आप बच्चों के लिए असुरक्षित व्यवहार को कैसे प्रबंधित करते हैं?
- क्या आप फ़ोटो लेने और साझा करने के बारे में अपने नियम बता सकते हैं?





GenWest और Body Safety Australia मानते हैं कि जिस ज़मीन पर हम काम करते हैं और अपनी सेवाएं देते हैं, वह हमेशा से आदिवासी ज़मीन थी और हमेशा रहेगी। हम भूतकाल और वर्तमान के बुज़ुर्गों को सम्मान देते हैं।

हम Melbourne के पश्चिम में Naarm के फर्स्ट नेशंस समुदायों, Kulin Nation के Wurundjeri और Bunurong लोगों को गर्व से स्वीकार करते हैं। हम उनकी समृद्ध विविधता, संस्कृतियों, इतिहास और ज्ञान को स्वीकार करते हैं, और इस इलाके की ज़िंदगी में उनके गहरे योगदान को भी मानते हैं।

हम उपनिवेशीकरण के लगातार असर, साथ ही फर्स्ट नेशन्स के लोगों की ताकत और अनुकूलनशीलता को भी स्वीकार करते हैं, और ज़मीन के अधिकार, आत्मनिर्णय, संप्रभुता, और पिछले अन्यायों को पहचानने के लिए चल रहे संघर्ष के साथ एकजुटता दिखाते हैं।